एक नजर में

जिले में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां

मंदसौर। हर घर तिरंगा अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक देशव्यापी कार्यक्रम हैए जिसका उद्देश्य लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में मनाया जा रहा है। हर घर तिरंगा .हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत जिले में विभिन्?न गतिविधियां आयोजित हो रही है इसी क्रम में ग्रामीणजनों द्वारा तिरंगा रैलीए स्वच्छता शपथ एवं जन .जागरूकता कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं। हर घर में स्वच्छता अपनानाए गांव को कचरा मुक्त बनानाए स्वस्थ और सुंदर वातावरण बनानाए देशभक्ति और एकता का संदेश फैलानाए स्वच्छ गांव दृ स्वस्थ भारत दृ हमारा का संकल्प लिया।

जनसंघ काल से भाजपा के आधारस्तंभ काका साहब हरसौला का निधन

मंदसौर। जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी की मंदसौर जिले में आधारशिला रखने वाले वरिष्ठ नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री हरकचंद हरसौला ;काका साहबद्ध के निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि काका साहब अपने संघर्ष और समर्पण से संगठन को मजबूत बनाने वाले हम सभी के आशीर्वाददाता थे। उनका जाना न केवल गरोठ.भानपुरा विधानसभा क्षेत्रए बल्कि पूरे जिले के भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री दीक्षित ने कहा कि कठिन दौर और संघर्ष के समय उन्होंने संगठन को सशक्त करने हेतु निरंतर परिश्रम किया तथा अनेक कार्यकर्ताओं के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जाना भाजपा के एक युग के अवसान के समान है। जिलाध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें बैकुंठवास प्राप्त हो।

ग्राम पंचायत केथुली में नेत्र शिविर संपन्न

ग़रीब एवं जरूरतमंदों के लिए निशुल्क जांच व उपचार की व्यवस्था



केथुली। ग्राम पंचायत केथुली द्वारा 11 अगस्त को गोमाबाई नेत्रालय नीमच के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों की आंखों की जांच कर मोतियाबिंदए काला पानीए नासूरए पर्दे की बीमारियों सहित अन्य नेत्र रोगों की पहचान की। जरूरतमंद मरीजों को उचित उपचार की सलाह दी गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन निर्धारित तिथि पर गोमाबाई नेत्रालय नीमच में किए जाएंगे। इन मरीजों के लिए उसी दिन निशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा आवश्यकतानुसार चश्मे भी नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि पंचायत जिले से लगभग 140 किलोमीटर दूर राजस्थान सीमा पर स्थित है और यहां कई गरीब बस्तियां हैंए जहां लोग महंगा इलाज कराने में असमर्थ हैं। इस कारण सभी नागरिकों के स्वास्थ्य लाभ के लिए शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया।

ज्ञानोदय इंटरनेशनल में नन्हीं लेखिका का सम्मान कक्षा 5 वीं आरिका की पुस्तक प्रकाशित

नीमच। ज्ञानोदय इंटरनेशनल सदैव से नवीन प्रतिभाओं के सम्मान व उन्नयन में अग्रसर रहता है। इसी क्रम में सोमवार 11-08-2025 को क्षेत्र की नन्हीं लेखिका आरिका शर्मा को सम्मानित किया गया। वर्तमान में उदयपुर निवासी आरिका कक्षा 5 वीं की छात्रा हैं। उनकी पुस्तक स्ह्नह्दद्वद्वह्स- क्र्न्ह्द्व ह्ल्श ड्डद्व श्चह्ड्ढह्यद्गह्स में आरिक ने अपनी कल्पनाओं के पंखों से अद्भुत उड़ान भरी। क्र्न्ह्दद्ब श्ह्यद्बह्य नामक देश की प्रतिष्ठित प्रकाशन कंपनी ने आरिका की इस पुस्तक को प्रकाशित किया। आरिका भविष्य में लेखन के क्षेत्र में अनेक अभिनव प्रयोगों की आकांक्षा रखती हैं। इस अवसर पर आरिका के पिता डॉ. प्रंशात शर्मा व माता डॉ. नेहा जैन भी उपस्थित थे। अपने उद्गार व्यक्त करने हुए आरिका ने पुस्तक के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस किताब में उन्होने एक जलपरी के चरित्र के मध्यम से अपनी मन की भावनाओं का अभिव्यक्त किया। ज्ञानोदय इंटरनेशनल परिवार ने अपने बीच इसी नन्हीं प्रतिभा की उपस्थिति से गर्व का अनुभव किया। इस अवसर पर ज्ञानोदय इंटरनेशनल की निदेशिका डॉ. गरिमा चौरसिया व प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार ने आरिका की सफलता पर बधाईयॉ देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की।

जिला गुर्जर समाज की वार्षिक बैठक

नीमच। गुर्जर समाज जिला नीमच की वार्षिक बैठक मनासा में 10 अगस्त रविवार को संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम देवनारायण और मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात मंचासीन समाज जिलाध्यक्ष चंपालाल गुर्जर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कचरूलाल गुर्जर रतनगढ़, मोहन गुर्जर जनपद उपाध्यक्ष, महेंद्र (वीरू) गुर्जर नीमच रामसिंह गुर्जर लसुड़िया, मनोहर गुर्जर मेलकी, रामनारायण गुर्जर भदवा, मदनलाल गुर्जर मंडल अध्यक्ष, गोपाल गुर्जर मंडल अध्यक्ष मजीरिया एवं अन्य वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थे।

सभी अतिथियों का मनासा तहसील वरिष्ठ जनों द्वारा स्वागत किया गया स्वागत सम्मान के बाद में समाज की ओर से समाज की डिजिटल पत्रिका का विमोचन वरिष्ठ जनों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम स्वागत भाषण युवा तहसील अध्यक्ष अमित गुर्जर द्वारा दिया गया इसके बाद जिला अध्यक्ष द्वारा नीमच जिले की वार्षिक गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर आगामी भविष्य की कार्य योजनाओं की जानकारी दी गई और समाज में आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए नीमच जिले में वीर गुर्जर समाज ट्रस्ट के विषय में सभी से विस्तृत चर्चा कर पारदर्शिता के साथ गठन किया जाए यह निर्णय लिया गया। समाज के वरिष्ठ अंबाराम देवरी खवासा द्वारा मंदसौर एवं पिपलिया मंडी में होने वाले समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में नीमच जिले की ओर से पूर्ण सहभागिता हो और सहयोग हो इस पर विस्तार से बताया गया समाज के वरिष्ठ मनोहर गुर्जर मेलकी द्वारा नीमच जिला संगठन से संबंधित विस्तार से जानकारी दी मनासा जनपद उपाध्यक्ष मोहन गुर्जर द्वारा मनासा तहसील गुर्जर समाज की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में सर्वसम्मति से नीमच में गुर्जर समाज कार्यालय एवं छात्रावास निर्माण विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा कर वरिष्ठ समाज जनों ने अंतिम मुहूर्त लगाई कार्यक्रम मे समाज के अन्य वरिष्ठ जनों ने भी संबोधित किया और अंत में समाज के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय कंवरलाल गुर्जर पिराना को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिले में पहली बार समाज की पत्रिका का डिजिटल रूप से विमोचन एवं हाईटेक बैठक गतिविधि को समाज संगठन के पदाधिकारियों के प्रयास को सम्मान योग्य कदम बताया।

गुर्जरबरडिया में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव :ग्रामीणों को शपथ दिलाई

मंदसौर। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी थीम हर घर तिरंगाए हर घर स्वच्छताए स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विषय पर आधारित है। अभियान मे जिला कलेक्टर अदिति गर्ग के निर्देशन व लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप कुमार गोगादे के मार्गदर्शन मे अभियान मे सामूहिक उत्सव और नागरिक कर्तव्यों की भावना की मजबूती के उद्देश्य से स्वच्छ व सूजल की अवधारणा ;स्वच्छता और जल सुरक्षाद्ध को स्वतंत्रता की भावना से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री की प्रभावी ैभ् ;जमतए ैदपजंजपवद - भ्लहपमदबद्ध की संकल्पना को आगे बढ़ाया जा रहा है। ताकि सतत

स्वच्छताए सुरक्षित जलापूर्ति और ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वच्छता को सुनिश्चित किया जा सकेए इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ;ग्रामीणद्ध तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्वच्छ सुजल गांव संकल्पए सामुदायिक साफसफाई अभियानए ैभ् परिसंपत्तियों की सफाईए जन जागरूकता गतिविधियों व जल संरक्षण गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का समापन 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को ैभ् स्थलों ;अमृत सरोवरए सार्वजनिक स्थलद्ध पर ध्वजारोहण समारोह के साथ किया जाएगा। जिसमें प्रतीकात्मक गतिविधियां स्वतंत्रताए गरिमा और समृद्धि को दर्शाएगी जो सुरक्षित जल एवं स्वच्छता की उपलब्धता से प्राप्त होती है।

विशेषत: अभियान में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियों व स्व सहायता समूहए पंचायत प्रतिनिधियोंए विद्यालय के बच्चोंए स्वयं सेवक एवं अग्रणी पंक्ति के कार्यकर्ताओं को अभियान से जोड़ने पर बल दिया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों द्वारा ग्राम स्तर पर सफाई अभियानएस्वच्छता सुविधाओंए जल स्त्रोतों की सफाई कार्यए विद्यालय में छात्र.छात्राओं के द्वारा रैलीए रंगोलीए पेंटिंग एवं झांकी का आयोजनए नालो एवं नाली सफाई कार्यए जल निकासी और अपशिष्ट प्रबंधनए प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण व प्रबंधनए सामुदायिक स्तर पर श्रमदान अभियानए जल जीवन मिशन अभियान की संरचनाओं की सफाई व सजावटए अपशिष्ट प्रबंधनए तकनीकोए जल संरक्षणए ग्राउंडवाटर रिचार्जए जल स्त्रोतों की सुरक्षाए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंधए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सामुदायिक बैठक आयोजित कर स्वच्छ सुजल गांव की शपथ ग्राम वासियों को दिलवाई जा रही है। ध्वजारोहण हेतु हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उपयुक्त स्थान और घरों का चिन्हांकन कर ध्वजारोहण स्थल की पहचान और सफाई ध्वजारोहण का पूर्व अभ्यास एवं सार्वजनिक स्थलों व हर घर पर तिरंगा अभियान के तहत झंडारोहण एवं ध्वजारोहण गतिविधि आयोजित कर स्वच्छता चैंपियनो व स्वयंसेवकों का सम्मान किया जायेगा।

इसी क्रम में मंदसौर विकासखंड के ग्राम गुर्जरबरडिया में जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों व ग्रामवासियो को स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलवाई गई। जाकर ग्रामवासीयों को स्वच्छता का वातावरण निर्मित करने की समझाइश दि गई। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार श्री मुकेश गुप्ताए च्डन् सलाहकार श्रीमती नीतू माथुरए श्री संतोष जैनए श्री सार्थक जोशी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में 20 बच्चों ने सहभागिता की

नीमच। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नीमच की नवांकुर संस्था नीमच सुरेश लोक शिक्षण समिति द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, प्रतियोगिता में 20 बच्चों ने सहभागिता की जिसने प्रथम नारायणी राठौड़ आठवीं, द्वितीय गुड़िया कुमिया सातवीं, तृतीय मिथिलेश कुमार आठवीं और सांत्वना पुरस्कार आंचल पांचवी ने प्राप्त किया। आयोजन में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को अभियान में बारे में जागरूक किया एवं अपने घर, मोहल्ले, शहर व गांव को स्वच्छ रखने वे दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने हेतु मार्गदर्शन दिया। आयोजन में संस्था प्रमुख श्री राजेंद्र सिंह चौहान , सचिव शशि परिहार एवं सदस्य मोनिका उपस्थित रहे तथा प्रतियोगिता में विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

जिले में भाजपा के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ हर घर तिरंगा अभियान

सांसद गुप्ताए राज्यसभा सांसद गुर्जरए जिलाध्यक्ष दीक्षित, पूर्व विधायक सिसोदिया सहित पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी

मंदसौर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादवए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के सभी 21 मंडलों में ष्हर घर तिरंगा दृ घर घर तिरंगाष् अभियान जोर.शोर से चल रहा है। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंडल और बूथ स्तर पर घर.घर पहुंचकर तिरंगा लगाने का आग्रह कर रहे हैं तथा तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। सांसद सुधीर गुप्ता ने भाजपा उत्तर एवं दक्षिण मंडल कार्यकर्ताओं के साथ नगर में घर.घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया और रहवासियों को तिरंगे का वितरण किया।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जरए जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षितए जिला महामंत्री विजय अठवालए उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत एवं नपा अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर ने वार्ड क्रमांक 3 में अभियान चलाकर लोगों से घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की। जिलाध्यक्ष दीक्षित ने मंदसौरए मल्हारगढ़ एवं सुवासरा विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क कर तिरंगा लगाने और 15 अगस्त की शाम सम्मानपूर्वक उतारकर सुरक्षित रखने का आग्रह किया। इस दौरान सैनिकों का सम्मान भी किया गया।

पूर्व सिसोदिया ने भाजपा दक्षिण मंडल में अभियान में भाग लेकर गली.मोहल्लों में लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावतए जिला महामंत्री विजय अठवालए जिला कोषाध्यक्ष राजु चावलाए मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

ज्ञानोदय इंटरनेशनल में राखी मेकिंग

राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन, उत्साह के साथ बच्चे हुए शामिल

नीमच। ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्री प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें सभी वर्ग के विद्याथियों ने अपने हाथों से तरह-तरह की आकर्षक राखियां बनाई। इस अवसर पर विद्याथियों ने बनी राखी को एक दूसरे के कलाई में बांधकर रक्षा बंधन मनाया।

विद्यार्थियों ने जटिल और नवीन डिजाइन तैयार करने के लिए रेशम के धागे, मोतियों जैसी विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती हिमांगिनी त्रिवेदी, श्री संध्या नायर उपस्थित थे। संस्था की निदेशिका डॉ. गरिमा चौरसिया ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की उनके उत्कृष्ट एवं उनकी मनमोहक कलाकारी हेतु प्रशंसा की एवं उनको भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। विद्यालय में वर्षभर इस प्रकार की शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों की प्रतिभा को उभारने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के अलावा भी अन्य कौशलों में दक्ष बनाया जा सके। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को एक यादगार अनुभव दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी निखारा। कार्यक्रम का संचालन जिनी व्यास, वंशिका कोठिया ने किया और आभार व्यक्त रितु भटनागर ने किया।

मृत्यु जीवन का सत्य है इससे कोई बच नहीं सकता : साध्वी अक्षय दर्शना

साध्वी सौम्या दर्शना जी आदि ठाना 4 की महावीर जिनालय में चातुर्मास धर्म श्रृंखला प्रवाहित

नीमच। 32 लाख विमान का अधिपति इंद्रदेव भी मृत्यु से कांपता था। इंद्रदेव को भी मृत्यु से कोई बचा नहीं सका था। मृत्यु से आज तक कोई भी बच नहीं पाया है अब हमें यह विचार करना चाहिए कि हमें क्या करना है ।मृत्यु आना निश्चित है। बुढ़ापा आना भी निश्चित है ।कभी भी शरीर को रोग घेर सकते हैं ।यह भी निश्चित है ।दुनिया में अरिहंतो सिद्धों केवली धर्म की शरण स्वीकार कर ले तो हम निर्भय बन जाएंगे। शांति चाहिए अमृत चाहिए तो इन चारों की शरण में हमें जाना होगा।

मृत्यु जीवन का सत्य है इससे कोई बच नहीं सकता है ।यह बात साध्वी अक्षय दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहीं। वे श्री जैन श्वेतांबर महावीर जिनालय ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति विकास नगर के तत्वाधान में साध्वी सौम्या दर्शना

श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 4के चातुर्मास में आयोजित धर्म सभा में बोल रही थे। उन्होंने कहा 12 गुण के धारक राग द्वेष को शत्रु का हनन करने वाले अरिहंत होते हैं। मोक्ष गति के लिए तीर्थंकर की आत्मा भी मनुष्य जन्म लेती है।

साध्वी सौम्य दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहा कि अंतिम समय जी शरीर में आत्मा रहती है अगले जन्म में उसका वही आकर और गुण होता है। आत्म ज्योति पुंज है। तीर्थंकर के अभाव में आचार्य उपाध्याय साधु मोक्ष मार्ग के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। सरवीर्ती धर्म का पालन करने से सभी जीवो का हित होता है मोह छोड़ना चाहिए नहीं तो हम दु:खी हो जाएंगे आसक्ति और अशांति से बचाना है तो त्याग का मार्ग अपनाना होगा। सर्व सुविधा भोग अनंत इच्छा उत्पन्न करता है। तपस्या करते हैं जब मनुष्य सुखी रहता है जैसे ही तपस्या बंद कर वापस संसार की ओर बढ़ता है तो फिर दु:खी हो जाता है। हमें जीवन में प्रतिदिन चिंतन करना चाहिए कि मैं कौन हूं मुझे कहां जाना है नहीं करने योग्य में क्या कर रहा हूं। यह जीवन अनित्य शरण है। स्वयं आत्मा का उद्धार करना है किसी के भरोसे नहीं रहना चाहिए तभी हमारी आत्मा का कल्याण हो सकता है। आत्मा ही शांति दे सकती है। अनादि काल में आत्मा को स्वीकार करने दु:ख नहीं होता है।

धर्म-आस्था | **नीमच जिले में पुलिस अधीक्षक पुलिस अधिकारियों , थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को स्वतंत्रता के संग अभियान हेतु निर्देश दिए**

जिले के सभी अनुविभागीय कार्यालयों, पुलिस थानों में चला स्वच्छता अभियान

नीमच। हमारे देश की आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगे को पूरे गौरव व सम्मान के साथ देशभर में हर घर पर फहराया जाए और स्वतंत्रता का ये महापर्व स्वच्छता का भी पर्व बनें इसी को ध्यान में रखते हुए देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोडने और उन्हें देश की आजादी व स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा ''हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान'' का आयोजन दिनांक 11 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है।

''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान'' के अन्तर्गत प्रत्येक जिला पुलिस इकाईयों, विसबल वाहिनियों एवं

अन्य पुलिस इकाईयों में तिरंगे की आन-बान- शान की थीम पर विशेष तिरंगा यात्रा का आयोजन करने, प्रचार-प्रसार सामग्री जैसे-पेम्पलेट आदि का वितरण करने, सभी पुलिस थानों चौकियों पर पोस्टर्स, बैनर, स्टेण्डी का प्रदर्शन, पुलिस थानों, पुलिस चौकियों, पुलिस कार्यालयों में तिरंगा फहराने, सभी पुलिस नाकों, चेक्स प्वाइंटस, आउट पोस्टों पर तिरंगे का पोस्टर लगाया जाने संबंधी निर्देश दिये गये है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करना, जन सामान्य में देश भक्ति की भावना जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुकता उत्पन्न करना है।

जिला नीमच में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान'' हेतु दिये गये निर्देशानुसार कार्यक्रमों का आयोजन करने संबंधी निर्देश दिये गये है। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर जिला नीमच में दिनांक 11.08.2025 को प्रात: 08:00 बजे से पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिलें के सभी अनुविभागीय कार्यालयों, पुलिस थानों एवं पुलिस चौकियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा सुश्री निकीता सिंह, रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह भदौरिया सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा कार्यालय के सम्पूर्ण परिसर में सफाई की जाकर परिसर को स्वच्छ बनाया गया।

इसी प्रकार से जिले के अन्य पुलिस कार्यालयों, पुलिस लाईन, पुलिस थानों एवं पुलिस चौकियों में पुलिस कर्मचारियों द्वारा सफाई अभियान चलाया जाकर परिसर को स्वच्छ बनाया गया।